तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

14 जिले के 186 गांवों में जजा वर्ग कल्याण और विकास के लिए शुरू ...



13 छात्रों को अपराधों से बचने हायर सेकंडरी में ...





## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज करने से मना करने पर युवक से मारपीट

**बालोद।** सार्वजनिक जगह पर गाली गलौज कर रहे व्यक्ति को गाली गलौज करने से मना करने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है, जहां गाली गलौज व मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, जहां पुलिस ने धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मुडखुसरा निवासी राजूलाल सोनवानी ने पुलिस को बताया कि शाम मेरे पडोस के रहने वाला अभ्यास राम ठाकुर शराब पीकर आम गली में गाली गलौच कर रहा था। मेरे द्वारा अभ्यास राम को मना करने पर मुझे मना करने वाला कौन होता है कहकर मुझे गाली गलौच कर मारपीट किया व धमकी दिया है।

### बाड़ी से ट्रैक्टर चोरी, अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**बालोद।** शाम को बाड़ी का काम खत्म करके वापस घर आए किसान जब सुबह अपने बाड़ी पहुंचा तो बाड़ी मे रखा ट्रैक्टर वहां से गायब हो चुका था, जिसके बाद किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने चोर के खिलाफ 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वार्ड न0–3 अर्जुन्दा निवासी कन्हैया लाल सोनकर ने पुलिस को बताया कि उसका ग्राम मनकी खार मे सब्जी की बाडी है, जो चारो तरफ से जाली तार से घिरा हुआ है और आने जाने के लिये लोहे का गेट लगा है, जहां काम खत्म होने के बाद मैं अपने ट्रेक्टर को खडा करता था, प्रति दिन की तरह संध्या काम खत्म कर ▶▶| शेष पेज 12 पर

# 1 नवबंर को 26वां राज्य स्थापना दिवस मनायेगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 15 अगस्त से समूचे छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत बालोद जिले में भी रजत जयंती महोत्सव के सफल एवं बेहतर आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि 26वां रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाए जाने का निर्णय प्रदेश सरकार ने लिया है ।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि 1 नवबंर 2000 को भारत का 26वां राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर विकास के लक्ष्यों को हासिल करते हुए देश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात राज्य में 25 वर्ष की महत्वपूर्ण एवं उपलब्धि भरे इस यात्रा को यादगार एवं स्मरणीय बनाने ▶▶| शेष पेज 12 पर

### रजत जयंती को यादगार बनाने जिला प्रशासन जुटा




### जिला, ब्लाक और पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि 15 अगस्त से राज्य में रजत जयंती महोत्सव का शुभारंभ कर दिया गया है। इसके पश्चात आगामी 25 सप्ताह तक निरंतर रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत सभी विभागों द्वारा निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय आयोजनों के अलावा जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत, वार्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया गया है। मिश्रा ने जिला स्तरीय कार्यक्रमों में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए।

## कार्रवाई

# 437 वाहन चालकों के काटे गए चालान 3.57 लाख अर्थदंड लगाया गया

### 12 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई न्यायालय में पेश किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पुलिस द्वारा 3 दिवस अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 437 वाहन चालकों पर 3,57,000 रु. की कार्रवाई की। शराब सेवन कर ओव्हरलोड माल भरकर परिवहन करने वाले 1 वाहन चालक एवं मालिक के विरूद्ध 73 हजार का जुर्माना लगाया गया। विगत 3 दिनों में शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 12 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय द्वारा 1,83,000 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

यातायात बालोद एवं सभी थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। विशेष तौर पर शराब सेवन कर वाहन चलाने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 12 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय द्वारा सभी 11 शराबी वाहन चालकों को 10–10 हजार का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं 1 शराब सेवन कर ओव्हरलोड़ माल भरकर परिवहन करने वाले वाहन चालक एवं मालिक के विरूद्ध 73 हजार का जुर्माना लगाया गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन के लिए संबंधित परिवहन विभाग को पत्र भेजकर 6 माह के लिए वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा लगातार वाहन चालकों से अपील की जा रही है कि शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले।

हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करें, यातायात नियमों का पालन करें, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन ▶▶| शेष पेज 12 पर







# खाद वितरण में कालाबाजारी रोकने जुटा कृषि विभाग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उर्वरक वितरण में पारदर्शिता लाने और कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग द्वारा सख्त निगरानी की जा रही है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि निर्धारित दर पर उर्वरक का वितरण कराने के उद्देश्य से जिले के समस्त निजी उर्वकर वितरण केन्द्रों में मैदानी अमलों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि मेसर्स ईफको ई–बाजार झलमला में उर्वरक निरीक्षक ऐमन्त कोठारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सुनील ठाकुर की उपस्थिति में 500 कृषकों को 600 बैग, देवांगन कृषि केन्द्र, अलमला में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुनील ठाकुर की उपस्थिति में 126 कृषकों को 223 बैग यूरिया का वितरण कराया गया। इसी तरह ▶▶| शेष पेज 12 पर

- जिले के समस्त निजी उर्वकर वितरण केन्द्रों में मैदानी अमलों की लगाई गई ड्यूटी



## खबर संक्षेप



### बारिश से नहीं होगा कीचड़

**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व में विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। यहां पार्षद निधि से सीमेंटीकरण कार्य होना प्रस्तावित है। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि संयत्र ने तीन दशक पहले आवास निर्माण कराया है। वर्तमान में आवास जर्जर हो चुका है और बारिश के मामूली पानी से घर के सामने कीचड़ हो जाता है। सीमेंटीकरण कार्य से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद संजू नेताम, एमआईसी जहीर अब्बास, अनील देशमुख, जमुना ठाकुर समेत नागरिक उपस्थित थे।

### संपत्ति कर का अधिभार माफ करने की रखी मांग

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में



विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री तथा नगरी निकाय मंत्री अरुण साव के समक्ष वार्ड 30 की पार्षद सत्या देवी जयसवाल ने मांग रखी कि नगर निगम के संपत्ति कर में लगने वाले अधिभार को समाप्त की जाए। उन्होंने कहा कि नगर की जनता टैक्स तो पटाना चाहती है किंतु अगर किसी कारणवश अगर देर हो जाती है तो उसका अधिभार प्रतिवर्ष 1000 लिया जाता है अगर किसी व्यक्ति के मकान का टैक्स 400 है और वह समय पर किसी कारणवश टैक्स नहीं जमा कर पाता तो उसका फाइन 1000 लगता है जो कि न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को टैक्स देने वाली जनता अधिकांश श्रमिक बस्ती के लोग हैं जो कि रोज की रोजी मजदूरी कर अपना परिवार पालते हैं उनके ऊपर यह अतिरिक्त बोझ पड़ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मांग की है कि जल्द से जल्द इस संपत्ति कर के अधिभार को समाप्त कर जनता को राहत प्रदान की जाए। साथ ही नगर निगम भिलाई में 260 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को भूमिपूजन के लिए आभार जताया।

### महापौर ने दिया बच्चों को पौष्टिक आहार देने का निर्देश



**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। महापौर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार और गर्म भोजन नियमित दिया जा रहा है कि नहीं इस बात की पुष्टि निगम के विभागीय अधिकारी अनिवार्य रूप से करे। इस अवसर पर महापौर परिषद की विभागीय सदस्य रंजिता बेनुआ और स्वास्थ्य विभाग प्रभारी संजू नेताम उपस्थित रहे। महापौर और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आजीविका मिशन प्रभारी रंजिता बेनुआ ने विभाग की समीक्षा की। महापौर ने सबसे पहले महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ कर्मचारियों और किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर आंगनबाड़ी की स्थिति और बच्चों की संख्यात्मक जानकारी केन्द्रवार एकत्रित किया जाए। इसके अलावा महापौर ने शासन द्वारा चलाए जा रहे कल्याण कारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की। महापौर ने महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी अधिकारी शैलेष साव को निर्देश दिए।

### केंद्र सरकार की अमृत मित्र- 2.0 योजना शुरू

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 अंतर्गत वूमन फार ट्री योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के तहत स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहो के माध्यम से उद्यानों एवं रिक्त स्थलों में वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। ननिभि में कुल 40 उद्यानों के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया था। जिसमें से 36 उद्यानों के लिए महिला स्व-सहायता समूहो से आफर प्राप्त हुआ था।

# बहुमंजिला नगर सेवाएं भवन में कर्मियों का छूटता है पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के तीनमंजिला भवन में ऊपरी मालों में जाने के लिए लोगों का पसीना छूट रहा है। लिफ्ट नहीं होने के कारण कर्मचारियों और काम के लिए आने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है। चालीस साल से लिफ्ट लगाने की योजना ठंडे बस्ते में पड़ी है। नगर सेवाएं विभाग (एस्टेट आफिस) कार्यालय का भवन जयंती स्टेडियम मैदान के सामने स्थित है। इस तीमंजिला भवन में टाउनशिप की सुविधाओं से संबंधित विभिन्न अनुभागों के कर्मचारी, अधिकारी काम करते हैं। साथ ही समस्याओं को लेकर बीएसपी कर्मचारी और व्यवसायी आदि का भी आना जाना लगा रहता है। लेकिन वर्षों बाद भी ऊपरी फ्लोर मे जाने के लिए लिफ्ट नहीं लगाई गई है। इससे सभी को असुविधा व दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सेवानिवृत्त कर्मियों ने बताया कि बीएसपी द्वारा इस के भवन के निर्माण के दौरान अन्य बहुमंजिला भवनों की तरह यहां भी लिफ्ट लगाए जाने की योजना थी। इस दौरान 90 के दशक में सीटीए (नगर सेवा प्रमुख) टाउनशिप प्रमुख एमआरआर नायर, जो बाद में सेल चेयरमेन भी बने और पूर्व सीटीए के. प्रसाद राव के कार्यकाल में भी यहां लिफ्ट लगाने की तैयारी कर ली गई थी लेकिन परिणाम अब तक शिफर है। जबकि इस्पात भवन,सेक्टर 9 हास्पिटल और प्लांट के कुछ भवनों में भवनों में कर्मियों की सुविधा के लिए शुरु से ही लिफ्ट लगी है।

## चालीस साल से लिफ्ट लगाने की योजना ठंडे बस्ते में

### महिलाओं व प्रौढ़ कर्मियों को दिक्कत

नगर सेवाएं विभाग के भवन में अब तक लिफ्ट नहीं लगाए जाने के कारण यहां कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों के अलावा यहां बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायत व अन्य कामों से आने वाले टाउनशिप के लोगों को रही है। महिला कार्मिकों और प्रौढ़ आयु के कर्मियों अधिकारियों को चढ़ने, उतरने में परेशानी होती है। कुछ कर्मियों को अस्थमा, बीपी व हार्ट आदि की शिकायत के साथ भारी शरीर भी होने से असुविधा होती है। उन्हें फाइल लेकर दिन में कई बार चढ़ना उतरना पड़ता है। ऐसी ही स्थिति बाहर के लोगों की भी है। कई कार्मिक तो रिटायर भी हो चुके हैं। कर्मियों की तरह व्यापारियों आदि को भी परेशानी हो रही है। व्यवसायियों ने बताया कि बिलिंग, लीज डीड आदि कार्यों से अक्सर इस्टेट आफिस आफिस आना होता है लेकिन लिफ्ट नहीं होने से परेशानी हो रही है। लोगों की परेशानी को देखते हुए प्रबंधन को जल्द लिफ्ट लगाने की जरुरत है।

अलग खबर



कार्यक्रम

## आईटीआई संजारी में नव कौशल पथ नई राह नया हुनर कार्यक्रम हुआ

# कौशल विकास छात्रों के समग्र विकास की है आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|डौंडीलोहारा

शासकीय आईटीआई संजारी में नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम नव कौशल पथ, नई राह नया हुनर के तहत प्रथम दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख वीणा देवांगन द्वारा किया गया। प्रथम दिवस में कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रशिक्षणार्थियो का तिलक कर स्वागत किया गया । शिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों का परिचय सम्मेलन हुआ, संस्था प्रमुख द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

राज्य में संचालित संस्थाओं के संबंध में विभिन्न जानकारी प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई जिसमें सीटीएस की जानकारी एल रामाराव, अप्रेंटिसशिप एवं एन ए पी एस की जानकारी अर्पणा लाल एवं करमदीप सिंह, परीक्षा एवं सीबीटी की जानकारी लोकेश वर्मा एवं विमलेंदु साहू, लैटेरल ऐंट्री की जानकारी विजय कुमार रावटे, राज्य में संचालित वी टी पी एवं एल डब्ल्यू ई की जानकारी निशांत अग्रवाल एवम राजेश कुमार साहू ने दी। द्वितीय दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर और




डोंगरमल रामटेके को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। द्वितीय दिवस पुनः कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख वीणा देवांगन ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डोंगरमल रामटेके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में अगर किसी युवा के पास हुनर हो, तो उसे कामयाब होने से दुनिया में कोई नहीं रोक सकता है और इसी कारण देश और प्रदेश में आज गुणात्मक एवं कौशल विकास आधारित शिक्षा की बहुत अधिक जरूरत महसूस की जा रही है। आजकल, दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। तकनीक, व्यवसाय, और सामाजिक संरचनाएं लगातार विकसित हो रही हैं। मुख्य वक्ता शिवेन्द्र बहादुर ने कार्यक्रम में नव कौशल पथ- नई राह, नया हुनर पर कहा कि कौशल विकास छात्रों के समग्र विकास की आधारशिला है। शैक्षणिक उपलब्धियों के अलावा, यह एक ऐसे सर्वांगीण व्यक्तित्व का निर्माण करता है जो जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास और क्षमता के साथ सामना कर सके। जब छात्र कौशल विकास गतिविधियों में भाग लेते हैं, तो वे अपनी रचनात्मक क्षमता का दोहन करते हैं, अपनी प्रतिभा को निखारते हैं और अपने क्षितिज का विस्तार करते हैं। विकास के लिए यह समग्र दृष्टिकोण शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और बौद्धिक पहलुओं को समाहित करता है, जिससे छात्र अधिक अनुकूलनशील और बहुमुखी व्यक्तित्व बन पाते हैं। बढ़ती प्रतिस्पर्धा वाले रोज़गार बाज़ार में, नियोक्ता ऐसे उम्मीदवारों की तलाश करते हैं जिनके पास न केवल शैक्षणिक योग्यताएँ हों, बल्कि कौशलों का भी एक समृद्ध समूह हो। कौशल विकास एक छात्र की नौकरी की संभावनाओं और रोज़गार क्षमता को बढ़ाता है।

नियोक्ता उन उम्मीदवारों को महत्व देते हैं जो विविध कौशल लेकर आते हैं, क्योंकि ये व्यक्ति अक्सर अधिक अनुकूलनशील, बहुमुखी और विविध प्रकार की ज़िम्मेदारियों को संभालने में सक्षम होते हैं। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रमुख वीणा देवांगन ने सफल आयोजन हेतु सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख वीणा देवांगन, एस के लाल सहायक ग्रेड एक व प्रशिक्षण अधिकारीगण लोकेश कुमार वर्मा, निशांत अग्रवाल, राजेश कुमार साहू, एल रामा राव, करमदीप सिंह, विजय रावटे, अर्पणा लाल, विमलेंद्र साहू के साथ साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के शिक्षक नंदनी जोशी, उर्मिला नायक, लालिमा रात्रे, धर्मिता देहारी आदि उपस्थित थे।

# बालक को कोबरा ने काटा, समय रहते इलाज मिलने से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जाको राखे साइंया मार सके न कोय...। यह कहावत सर्पदंश से पीड़ित 12 वर्षीय एक बच्चे पर पूरी तरह चरितार्थ हुई। बेहद जहरीले कोबरा सर्प के काटने से गंभीर बालक को उसकी जिजिविषा और डाक्टरों के अथक प्रयास से यहां शंकराचार्य अस्पताल में नया जीवन मिला। इस दौरान दो दिन तक गंभीर अवस्था में वह तीन अस्पताल से गुजरते हुए जीवन और मृत्यु से संघर्ष करता रहा। चिकित्सकों ने उसे खतरे से बाहर बताया है।



- तीन दिन तीन अस्पताल में चला इलाज, डॉक्टरों के प्रयास से मिला नया

ग्राम देवकर के 12 वर्षीय आदित्य ठाकुर पिता संजय ठाकुर को शनिवार को विषैले कोबरा सांप ने काट लिया था। पिता के साथ नाश्ता करने भेल सेंटर गए बच्चे को दुकान के काउंटर के नीचे छिपे नागराज ने जैसे ही काटा वह चींखते हुए मूर्छित हो गया। तत्काल उसे देवकर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाये गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद सरकारी अस्पताल धमधा रेफर किया गया। हालत में सुधार न होते देख परिजन चंदूलाल अस्पताल भिलाई ले गए लेकिन विलंब होता देख शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी ले जाया गया। यहां डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ के दो दिनों के अथक प्रयास के बाद सर्पदंश से गंभीर बालक आदित्य की स्थिति में बेहतर सुधरा हुआ और डाक्टरों ने उसे खतर से बाहर बताया। परिजनों ने बताया कि डांक्टरों के प्रयास से बेटे को नया जीवन मिला है। एक दो दिन में डिस्चार्ज कर देने की संभावना है। उसके बड़े भाई के सालभर पहले पैरालाइस अटैक से मौत गई थी। उधर गांव में बच्चे को काटने वाले सर्प को सांप पकड़ने वाले दो युवकों ने पकड़कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया।

# आईजी ने एएनटीएफ कार्यों की समीक्षा की, नशा तस्करों पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने एंटी नारकोटिक्स फोर्स की समीक्षा बैठक लेकर रेंज स्तर पर नशा की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

नशा तस्करों के खिलाफ उनके वाहनों को राजसात करने, नशा मुक्ति के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने को आईजी ने कहा है। आईजी गर्ग की अध्यक्षता में एएनटीएफ की बैठक में नशा तस्करी की रोकथाम, आरोपियों पर कठोर कार्रवाई, जनजागरूकता कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर संचालित करने पर चर्चा की गई। आईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। तस्करी में उपयोग किए जाने वाले वाहनों को राजसात करने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। मानस पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 1933 का व्यापक प्रचार-प्रसार हो। उन्होंने नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्रह्मकुमारी संस्था, सामाजिक संगठनों की मदद लेकर कार्यक्रम आयोजित करे। युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से अवगत कराने पर विशेष बल दिया।



### मौजूद थे ये भी अधिकारी

श्री गर्ग ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि मादक पदार्थों से जुड़े शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। ऑनलाइन माध्यम से होने वाली खरीदी-बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही है। विवेचना को एंड-टू-एंड करना और सफेमा के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बैठक में रेंज के बालोद एएसपी मोनिका ठाकुर, बेमेतरा एएसपी ज्योति सिंह, डीएसपी विनय कुमार, मनोज तिर्की, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, आईजी कार्यालय डीएसपी शिल्पा साहू, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, सहायक उपनिरीक्षक हेमंत त्रिपाठी और पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए किया जागरूक

**भिलाई।** बीएसपी के मानव संसाधन विभाग द्वारा मानव संसाधन विभाग के मुख्य सभागार में कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) के अंतर्गत विषयगत कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम संदीप माथुर थे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से कर्मचारी लाभान्वित होंगे और सभी को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करेंगे। मेसर्स ईएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 19 फरवरी से 5 मार्च के बीच सभी पाँच इस्पात संयंत्रों में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। 20 अगस्त तक कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों के लिए परामर्श के लिए जाएँ या न जाएँ" तथा गैर-अधिकारियों के लिए "तनाव से शक्ति तक जैसे विषय शामिल हैं। संचालन उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया व सिकंदर इंदौरिया व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक के सुपर्णा ने किया।

## कलाकारों ने देशभक्ति गीतों से जगाया जज्बा

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर महात्मा गाँधी कला मंदिर में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक सौमिक डे विशेष अतिथि थे। विजेताओं ने देशभक्ति गीत सुनाए।

# अपशिष्ट से संपदा तक एमआरडी ने स्लैग प्रेषण में रचा कीर्तिमान



**भिलाई।** बीएसपी के मटेरियल रिकवरी विभाग ने एक ही दिन में सर्वाधिक 75 ट्रिप्स में कुल 2345.30 टन अन प्रोसेस्ड एलडी स्लैग का प्रेषण कर कीर्तमान रचा। इससे पहले 72 ट्रिप्स और 2267.50 टन का कीर्तिमान दर्ज हुआ था। बीओएफ स्लैग का कुशल और समयबद्ध निपटान संयंत्र में निर्बाध उत्पादन प्रवाह बनाए रखने और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक है। नए रिकार्ड से एमआरडी विभाग ने बीएसपी की परिचालन दक्षता, सतत संसाधन प्रबंधन और पर्यावरण-अनुकूल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस सफलता के पीछे एमआरडी और विपणन विभाग, सीआईएसएफ तथा अन्य सहायक इकाइयों के प्रयास स्लैग के सुचारू परिवहन के साथ संभावित अपशिष्ट को मूल्यवान संसाधन में बदलने की दिशा में भी ठोस कदम रखा।

# सशिमं में स्वतंत्रता दिवस मना

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव राम कुलदीप सेनि शिक्षक, अध्यक्षता महेंद्र जायसवाल सह सचिव नव ज्ञानोदय शिक्षण समिति, विशेष अतिथि भोलाराम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, डीआर केकती सदस्य, डोमार सिंह साहू प्राचार्य सशिमं डौंडीलोहारा द्वारा माँ भारती सरस्वती की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया।

कक्षा 10वीं की छात्रा जागृति एवं साथी द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान एवं भारत माता की आरती और सरस्वती वंदना वरिष्ठ आचार्य सेवंत देवांगन द्वारा अतिथि परिचय कराया गया। आगंतुक अतिथियों के स्वागत



पश्चात बहिन जागृति कोलियरे एवं साथी कक्षा दशम द्वारा स्वागत गीत, हमारा लक्ष्य बहन अर्पिता कक्षा उदय शुभाषित बहिन सुमन मंडावी कक्षा दशम आज का पंचांग बहन सपना कक्षा प्रथम, सुविचार बहन भावना ठाकुर कक्षा दशम व्यक्तिगत गीत बहन रागिनी गावड़े कक्षा अष्टम द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा देश आजादी के पूर्व अंग्रेजो का गुलाम रहा,15 अगस्त 1947 को लाखों वीर शहीदों के बलिदान से हमारा देश आजाद हुआ। इसी आजादी पर्व को पूरा भारत वर्ष आज पर्यंत स्वतंत्रता दिवस के रूप में मानते आ रहे है। विशेष अतिथि भोलाराम साहू ने कहा हमें अपनी वीर शहीदों के बलिदान को भुलाना नहीं चाहिए, भारत को अंग्रेजों से आजाद कराने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही भारत की संस्कृति को बचाने के लिए स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया । इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## सीआईआई पूर्वी क्षेत्र कार्य कौशल प्रतियोगिता में बीएसपी के कर्मचारियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करते हुए 35वीं सीआईआई कार्य कौशल प्रतियोगिता (पूर्वी क्षेत्र) में कई पुरस्कार जीते हैं। 2024 में नई दिल्ली में आयोजित 35वीं सीआईआई कार्य कौशल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह कोलकाता में आयोजित किया गया। साथ ही सीआईआई पूर्वी क्षेत्र कार्य कौशल प्रतियोगिता के उद्घाटन पर संयंत्र कर्मी सम्मानित किये गये । बीएसपी के इंजीनियरिंग एसोसिएट्स पीला राम वर्मा और शिव शंकर टंडन ने कारपेंटर ट्रेड में पुरस्कार प्राप्त किया। अर्पित सिंह को कोपा ट्रेड, प्रकाश को मिलर ट्रेड तथा निथियानंथन एन. को पीएलसी ट्रेड में सम्मानित किया गया। सीआईआई पूर्वी क्षेत्र कार्य कौशल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। इसमें बीएसपी के 27 प्रतिभागियों का दल 20 से 22 अगस्त तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 9 विभिन्न ट्रेडों में प्रतिस्पर्धा करेगा।



## पेज 11 के शेष

### 1 नवबंर को 26वां राज्य ....

वर्ष 2025–26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत जिले में आयोजित प्रत्येक गतिविधियों के दौरान राज्य शासन से प्राप्त लोगो का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के भी निर्देश दिए है। मिश्रा ने इस दौरान जिले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देश के आधार पर निर्धारित तिथियों में अपने–अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के अंतर्गत सड़कों में विचरण करने वाले मवेशियों को सड़कों एवं अन्य आवश्यक स्थानों से हटाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने सड़क सुरक्षा के उपायों के अंतर्गत पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जोखिम वाले स्थानों को चिन्हित कर इन स्थानों पर दुर्घटना के रोकथाम हेतु स्थाई उपाय करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा के कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करना प्रत्येक नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए इस कार्य में सामाजिक भागीदारी भी सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने निराश्रित, घुमन्तू एवं जब्त किए गए गौवंश पशुओं का समुचित देखभाल हेतु राज्य शासन के गौधाम योजना के अंतर्गत जिले में गौधामों निर्माण कार्य के प्रक्रिया की भी समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में गौधाम निर्माण हेतु उपयुक्त शासकीय भूमि का चयन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने जिले में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य एवं किसान पंजीयन कार्य की समीक्षा करते हुए इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान, कुपोषण दूर करने के उपाय, अधिकारी–कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, वृक्षारोपण अभियान तथा समय–सीमा के लंबित प्रकरणों के समय पर निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की भी विस्तृत समीक्षा की।

### खाद वितरण में ..

जिले के अन्य निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से 428 कृषकों को 815 बैग यूरिया तथा 92 कृषकों को 120 बैग डी.ए.पी का निर्धारित दर पर वितरण कराया गया है। जिले में कार्यरत उर्वरक निरीक्षकों द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में अबतक 183 उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है। जहां उर्वरक आदेश 1985 का उल्लंघन पाये जाने पर 54 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस, 15 उर्वरक विक्रेताओं पर विक्रय प्रतिबंध, 01 लायसेंस निलंबन किया गया है तथा मेसर्स कोठारी कृषि केन्द्र, मलकुंवर एवं विनायक कृषि केन्द्र देवरी के उर्वरक लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। उन्होंने बताया कि जिले को प्राप्त 77307 मी.टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य के विरूद्ध 61028 मी.टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है, जिसमें से 57653 मी.टन उर्वरकों का कृषकों द्वारा उठाव किया जा चुका है। कृषकों को आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक निर्धारित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सहकारी समितियों में लगातार उर्वरकों का भण्डारण एवं वितरण कार्य किया जा रहा है।

### 437 वाहन चालकों के काटे ...

चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न दें, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावे व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

### बाड़ी से ट्रैक्टर चोरी, अज्ञात आरोपी ...

बाडी के गेट को रस्सी से बांधकर घर जाने के लिये निकला तो, मेरा ट्रेक्टंर जिसका नम्बर सीजी 07 सीएफ 9007 कीमत तीन लाख रूपये बाडी में खडा था। सुबह अपने बाडी में काम करने गया, तो देखा कि बाडी का गेट खुला हुआ था, और मेरा ट्रेक्टर बाडी में नही था, मेरे ट्रेक्टर को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था।

# 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रो बाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का दबदबा

**भिलाई।** भारतीय थ्रोबाल संघ के तत्वाधान में झारखंड थ्रोबाल संघ द्वारा 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड राज्य के रांची में स्थित खेलगांव में हरिवंश ताना भगत सिंह इनडोर स्टेडियम में 16 से 18 अगस्त तक किया गया।

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में देश के 23 राज्यों की और महिला वर्ग में 19 राज्यों की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा किया। महिला वर्ग ने अपने लीग मुकाबलों में असम को 25-06, 25-0 से, अरुणाचल प्रदेश को 25-06, 25-09 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में बिहार को 25-03,25-06 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में मुंबई की टीम को 27-25, 25-17 से हराया। फाइनल मुकाबले में झारखंड को 25-13, 25-17 से परास्त कर विजेता बनी। वहीं छत्तीसगढ़ पुरुष टीम भी अपने वर्ग की उपविजेता रही। पुरुष टीम ने अपने लीग मुकाबलों में चंडीगढ़ को 25-06,25-07 से आंध्र प्रदेश को 25-14, 25-11 से, क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को 26-24,25-21 से, सेमीफाइनल में कर्नाटक को 25-11, 25-13 से परास्त कर उपविजेता बनी। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले के प्लेयर ऑफ द मैच छत्तीसगढ़ के अशोक को चुना गया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच छत्तीसगढ़ की सना को चुना गया।

## खबर संक्षेप



### डौंडी में बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

**बालोद।** रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आज जिले के डौंडी ब्लॉक के विभिन्न बैंकर्स, बिहान समूह की एफएलसीआरपी, बैंक मित्र, पीआरपी की उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मंडले द्वारा बैंक शाखावार बैंक लिंकेज की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी एफएलसीआरपी को पर्याप्त प्रकरण बैंकों में जमा करने के निर्देश दिए। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने सभी बैंकर्स को 01 अगस्त से अब तक प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक ग्रामीण विकास और बैंकिंग सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न



**बालोद।** जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्रकार की अध्यक्षता में आयोजित जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में पूर्व बैठक की पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। बैठक में खनिज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो सहित पुराने जिला पंचायत के किराए पर चर्चा की गई।

### महिला से लूटपाट तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** डायलिसिस कराकर घर लौट रही महिला से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने तीन आरोपी को पकड़ लिया है।वहीं एक आरोपी फरार है। जीआरपी भिलाई तीन ने बताया कि 17 अगस्त की रात 10 बजे रेलवे कॉलोनी भिलाई तीन निवासी कुमुद पटेल अपने भाई आकाश श्रीवास्तव के साथ निजी अस्पताल से डायलिसिस कराकर घर लौट रही थीं। तभी घर पहुंचते ही चार युवक अचानक सामने से आए और उनका काला बैग छीन लिया। बैग में 500 रुपए और डायलिसिस की पर्ची थी। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से महिला के सिर पर वार किया। बचाव में आए भाई आकाश के साथ भी मारपीट की घटना हुआ। विवाद देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। आरोपी जल्दबाजी में अपनी बाइक छोड़ फरार हो गए। जीआरपी ने बाइक के आधार पर आरोपियों का खोजबीन करना शुरु किया।

## अभियान

**साइबर जागरूकता, नशामुक्ति और यातायात नियमों का पालन करने बताये गए नियम**

# छात्रों को अपराधों से बचने हायर सेकंडरी में लगा जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साइबर जागरूकता, नशामुक्ति अभियान एवं यातायात नियमों का पालन करने गुजरा हायर सेकंडरी स्कूल में शिविर लगाकर छात्र–छात्राओं को जागरूक किया गया। शिविर के तहत ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया संबंधित अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं टोलफ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया।

नशामुक्ति विषय पर विस्तृत जानकारी साझा की गई, जिसमें छात्रों को यह समझाया गया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। पारिवारिक जीवन में कलेश उत्पन्न करता है, अपराध एवं सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है, विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, बेहतर जीवनशैली अपनाने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। साथ ही छात्रें को नशे के विरुद्ध संकल्प भी दिलवाया गया।



**मोबाइल के उपयोग से दूर रहे छात्र**

शिक्षकगण एवं छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु विद्यार्थियों को बताया गया कि मोबाइल का लत एवं गलत उपयोग कैसे विद्यार्थी जीवन को प्रभावित करता है, सोशल मीडिया अपराध, ऑनलाइन गेमिंग, अनजान लिंक और ओटीपी शेयरिंग से जुड़े साइबर फ्रॉड के खतरों के बारे में बताया गया। मोबाइल का उपयोग पढ़ाई एवं कौशल विकास हेतु नियंत्रित समय सीमा में करने सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग, मजबूत पासवर्ड, और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के टिप्स दिए गए। छात्रें को यह भी जानकारी दी गई कि साइबर अपराध होने की स्थिति में वे 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने न दे पालक:** कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों एवं टीचर्स को यातायात के नियमों से अवगत कराकर कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने, सिग्नल रूल्स फॉलो करने, प्रॉपर सीटबेल्ट एवं हेलमेट लगाने व अन्य ट्रैफिक रूल्स बताया जाकर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी जिले के अन्य विद्यालयों एवं अन्य स्थानों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहेंगे ताकि साइबर सुरक्षित, नशामुक्त और कानून–सचेत समाज का निर्माण हो सके।

विद्यालय परिवार एवं समस्त विद्यार्थियों की ओर से बालोद पुलिस को आभार व्यक्त किया गया और ऐसी पहल को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा जताई गई। उक्त जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गुजरा के समस्त टीचर, ग्राम सरपंच, ग्राम पटेल, साइबर सेल सेल से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेंद्र, आरक्षक रविकांत गंधर्व, थाना बालोद से आरक्षक मनीष राजपूत, भीष्मनारायण चंद्राकर व गांव के कोटवार उपस्थित थे।

# यशवंत जैन ने ग्रहण किया प्रदेश महामंत्री का पदभार





**बालोद।** जिले के भाजपा नेता यशवंत जैन ने प्रदेश महामंत्री का पदभार संभाला। भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मौजूद रहे। उनके साथ अखिलेश सोनी और नवीन मारकंडे ने भी महामंत्री का दायित्व ग्रहण किया।

इस दौरान जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता भी रायपुर पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी, अनुराग सिंहदेव, संजय श्रीवास्तव सहित कई विधायक, निगम–मंडल–आयोग के अध्यक्ष, सदस्य और प्रदेशभर से आए सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। माहौल इतना जोशीला था कि शपथ ग्रहण स्थल उत्सव जैसा नजर आ रहा था। जिला से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा यशवंत जैन की नियुक्ति न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि बालोद जैसे छोटे जिले के लिए भी गौरव का क्षण है। उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में है, जिन्होंने छात्र राजनीति से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी छाप छोड़ी है। पदभार ग्रहण करते ही यशवंत जैन ने कहा जिम्मेदारी नई है, दायित्व नया है। प्रदेश के कार्यकर्ताओं की ऊर्जा से संगठन को और मजबूत करने का हर संभव प्रयास करूंगा। हम संगठन से मिले हर निर्देश को प्रदेश के एक–एक बूथ तक पहुंचाएंगे। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारा संकल्प है।

# जैन श्रीसंघ ने किया नेत्र जांच और चश्मा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जैन श्रीसंघ और उदयाचल नेत्रालय के संयुक्त प्रयास से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की सहायता के लिए नेत्र जांच एवं चश्मा केंद्र का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर से रिकेश बरडिया थे और विशिष्ट अतिथि राजनांदगांव से उत्तमचंद जैन, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, राजेन्द्र बाफना, अशोक मोदी, मिखमचंद सांखला, डॉ. प्रदीप जैन और ताराचंद सांखला उपस्थित थे। मुख्य अतिथि रिकेश बरडिया ने हर माह दो नेत्र ऑपरेशन का खर्च और रोज दो जरूरतमंदों को चश्मा देने की जिम्मेदारी उठाने की घोषणा की।

इस मौके पर पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने कहा कि 1968 से शुरू हुई यह संस्था आज देश के पांच प्रमुख धर्मार्थ अस्पतालों में शुमार है। उन्होंने बताया कि आपसी सहयोग और समर्पण से ही यह सेवा अभियान लगातार आगे बढ़ा है। जैन श्रीसंघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने आखों को शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि उदयाचल का लाभ अब बालोद के आम लोगों को मिलेगा। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा जैन श्रीसंघ अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने स्व. घेवरचंद, खेतमल और पांची बाई की स्मृति में संस्था को एक बड़ी राशि भेंट की। सांखला ने कहा उदयांचल जैसी सेवाभावी संस्था से जुड़कर सेवा करना गर्व की बात है। बालोद में यह केंद्र उन गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा जो महंगे नेत्र उपचार का खर्च नहीं उठा सकते। कार्यक्रम में 16 वर्षीय नैतिक गोलछा को उनके 22 उपवास की तपस्या पर सम्मानित किया। इस मौके पर ताराचंद सांखला की सुपुत्री आकांक्षा सांखला की पुस्तक का विमोचन भी किया गया।






राजनांदगांव से आए अशोक मोदी, विनय श्रोता, हरीश सांखला, लाला चोपड़ा, सुदामा मोटरानी, विनोद रायचा समेत बड़ी संख्या में अतिथि और स्टाफ मौजूद रहे। वहीं जैन श्रीसंघ से गुलाबचंद नाहटा, रुपचंद गोलछा, प्रदीप चौरडिया, मनीष कोठारी, नीलेश नाहटा, धनदत्त बाघमार, संजय देलडिया, मयंक लोढ़ा, महावीर बाफना, अभय ललवानी, राकेश बाफना, संजय बाघमार, लक्की लोढ़ा, चेतन देलडिया, तरुण नाहटा, प्रकाश भंसाली, मुकेश भंसाली, रमेश बाफना, दिलीप गोलछा, प्रमोद गोलछा, राजेन्द्र टाटिया और ओमजी टाटिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मांगीलाल ढेलडिया ने किया और जानकारी संस्था के रुपचंद गोलछा ने दी।

# डॉक्टरों की टीम ने मरणोपरांत विनय भूषण का नेत्र एकत्र किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के अंतर्गत तहसील गुरूर के ग्राम अर्जुनी जिला बालोद निवासी स्व. विनय भूषण साहू 75 वर्ष का मरणोपरांत नेत्रदान के तहत नेत्र एकत्र किया गया।

ग्राम अर्जुनी निवासी समाजसेवी एवं कबीर आश्रम से संबंधित कार्यकर्ता विद्या साहू द्वारा जिला सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा को देर रात्रि सूचना प्राप्त हुई, सूचना मिलते ही जिला नेत्र टीम को लेकर अनिल सिन्हा ग्राम पहुंचकर स्व. आत्मा के इच्छा के अनुरूप नेत्र एकत्र किया गया।

जिला सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों की सहमति मिलने पर नेत्र टीम द्वारा नेत्र एकत्र कर नेत्र को तत्काल एम्स रायपुर नेत्र बैंक में भेजा गया। जिसे 24 से 30 घंटे के अंदर किसी कर्निया बाधिक मरीजों का कर्निया इंप्लांन्ट किया जाएगा। केरेटो प्लास्टी की प्रक्रिया एम्स या चिकित्सा महाविद्यालय में पूर्व से पंजीकृत कार्निया बाधिक जिसके कारण अंधवत्व का शिकार हुए है उसके आंखों में कार्निया प्रत्योरोपित किया जाता है। एक मरीज के नेत्रदान से दो अंधत्व के शिकार मरीजों का नेत्र ज्योति वापस आ जाती है, इसलिए ही इसे नेत्रदान महादान कहा जाता है। उन्होंने बताया कि जनजागरूकता हेत प्रत्येक वर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन पूरे जिले के समस्त विकासखण्डों में मनाया जाता है। नेत्रविभाग की टीम में शामिल जिला नोडल सहायक अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभम चन्द्राकर, नेत्र सहायक अधिकारी कुशल साहू, नेत्र सहायक अधिकारी गुरूर डिगेश देवदास, ग्रामीण स्वास्थ संयोजक जिला उप स्वास्थ केन्द्र सोहपुर परमे"वरी ठाकुर, वाहन चालक मुकेश यादव का सहयोग रहा। यह कार्य में परिवार के सदस्य नेत्रदाता की धर्मपत्नी दुर्गेश नंदनी साहू, पुत्र दीपेश कुमार, रोशन कुमार, पुत्री दीप्ति साहू, विद्या साहू, प्रद्युमन, गिरिश, अनिल, उपेन्द्र, जयंत, सुधीर, सुनील, नोबल, विकस, आकाश, विजय, होसांक, कमल, आनंद, विक्रम, भावेश, रजत, आशीश, शौर्य उपस्थित थे।



# गायन स्पर्धा में जामगांव आर के सौरभ राठी प्रथम

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित आपणों उत्सव में प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धा का प्रभावी आयोजन धमतरी जिला माहेश्वरी युवा संगठन माहेश्वरी युवा संगठन अभनपुर ने किया।इसमें जामगांव आर के सौरभ राठी ने गायन प्रतिभा का दिव्यता के साथ प्रदर्शन किया और प्रांत में अव्वल स्थान प्राप्त किया।

अतिथियों ने सौरभ राठी का सम्मान किया। समारोह में स्पर्धा कला नृत्य, समूह नृत्य शास्त्रीय नृत्य' एकल गायन, म्यूजिकल सोलो, रैप सिंगिंग स्टैंडअप कॉमेडी, डे माहेश्वरी एकल कविता दिव्यांग सोलो आदि स्पर्धाएं सम्पन्न हुई। प्रांत स्तर पर विजय प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर गायन स्पर्धा में एकल गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करने सौरभ राठी 23 अगस्त को हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे और 24 को आयोजित स्पर्धा में भाग लेंगे।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में विश्व मच्छर दिवस का आयोजन

# मच्छर के काटन से होता फाइलेरिया, चिकनगुनिया और डेगू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। परजीवी जनित बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती द्वारा उपस्थित जन समुदाय को विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए जानकारी दी।

इसमें बताया गया कि मच्छर एक वाहक है जो मलेरिया, डेंगू फाइलेरिया (हाथी पांव), चिकनगुनिया व अन्य बीमारियों को फैलाने में जिम्मेदार है, इनकी अलग–अलग प्रजातियां होती है, जो अलग–अलग बीमारियों के लिए जिम्मेदार है, मच्छर हमारे आस पास के वातावरण जहां गंदगी हो जैसे नाली में रुके हुए गंदे पानी, घरों के कूलर व अनुपयोगी चीजें जहां बेकार पानी भरा हो खासकर ठहरे हुए पानी में अपने लार्वा व अंडा पैदा करते हैं, जिनसे मच्छर पनपता है। यदि संक्रमित मच्छर किसी व्यक्ति काट ले तो उनके परजीवी मानव रुधिर में जाकर बीमारी पैदा करते है। उन्होंने बताया कि मलेरिया बुखार खासकर कपकपि, सर दर्द, उल्टी होना, डेंगू में तेज बुखार, सर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी, थकान व कमजोरी, हाथी पांव के लक्षण सदएँ खांसी बुखार व लसिका ग्रंथि को प्रभावित करते हैं, पुरुषों के अंडकोष में सूजन व महिलाओ के स्तन में गांठ संभावित लक्षण हो सकते हैं, पैरों व अन्य हिस्सों में सूजन व हाथी पांव जैसे लक्षण दिखते हैं। यदि उपरोक्त में किसी प्रकार के लक्षण दिखे तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच उपचार व परामर्श अवश्य ले, सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपचार की सुविधा है।उन्होंने कहा सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें, गंदे पानी का निस्तारण हो। घरों के आस पास साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें, ठहरे हुए पानी में संभव हो तो जले आईल का छिड़काव करें। जिससे मच्छर न पनपे और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीआर ठाकुर, डॉ. शुभम चंद्राकर एवं स्टाफ के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर 25 को

**गुरुर/बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गुरुर के तत्वाधान में 25 अगस्त को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी के समाज प्रभाग एवं आरईआरएफ द्वारा संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि 25 अगस्त को विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर संस्थान द्वारा भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देशभर के छह हजार से अधिक सेवा केन्द्रों से एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य है। ब्रह्माकुमारी सरस बहन ने बताया कि गुरुर के रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रलय तथा जिला अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से किया जा रहा है। यह शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करेगा, बल्कि समाज में मानवता और बंधुत्व की भावना को भी सशक्त करेगा। अतः इस पुनित कार्य में आप भी सहभागी बन सकते है।

## जिले के 186 गांवों में जजा वर्ग कल्याण और विकास के लिए शुरू होगा आदि कर्मयोगी अभियान

**बैठक**

### कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक में अभियान के सफल आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के आदिवासी बहुल 186 गांवों में जनजातीय वर्ग के लोगों के कल्याण एवं विकास के लिए आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जाएगा।

**प्रत्येक गांवों में 20-20 वालंटियर तैयार किए जाएंगे:** कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत शामिल जिले के 186 गांव में से प्रत्येक गांवों में 20-20 वालंटियर तैयार किया जाएगा। उन्होंने पात्रतानुसार जनजातीय परिवार के लोगों का राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित सभी 186 गांवों में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों तक शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इन गांवों को गोद भी लिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




**जिले 186 गांवों में आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित होगी:** कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिले में आदि कर्म योगी अभियान के सफल संचालन हेतु स्वयं संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, युवा एवं सेवाभावी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इनके द्वारा जिले के 186 गांवों में आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम विकास योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्र की स्थापना की जाएगी। जो शासकीय सेवाओं की प्रदायगी और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का केंद्र बनेगा। पूरे अभियान के दौरान आदि सेवा केंद्र के माध्यम से सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी सेवा अभियान का संचालन किया जाएगा।

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा विशेष सेवा अभियान

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर बालोद जिले में आदि कर्म योगी अभियान के सफल आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई को आदि कर्म योगी अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष सेवा अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को इस दौरान जनजातीय परिवार के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि जिले में इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आदि कर्मयोगी अभियान के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

## पीएमश्री स्कूल में 'न्यौता भोज' का आयोजन किया गया



**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला, सम्बलपुर में सोमवार को एक प्रेरणादायी आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्यौता भोज का आयोजन सुनीता साहू द्वारा उनके स्व. ससुर भरत लाल साहू (व्याख्याता) की पुण्यतिथि की पावन स्मृति में किया गया। न्यौता भोज का मुख्य उद्देश्य समाज और विद्यालय के बीच आत्मीय संबंध स्थापित करना, बच्चों के पोषण स्तर में वृद्धि करना तथा उनमें समानता और भाईचारे की भावना जागृत करना है।

शासन की इस अभिनव पहल के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि प्रत्येक परिवार अपनी छोटी-बड़ी खुशियों को विद्यालय परिवार के साथ बांटे और बच्चों के पोषण व शिक्षा में सहभागिता निभाए। आज आयोजित भोज में विद्यालय के लगभग 125 छात्र-छात्राओं को खीर, बड़ा-पूड़ी, लड्डू, दाल, सब्जी एवं चावल परोसा गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भोजन का आनंद लिया और विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रमुख वीणा ठाकुर ने विद्यालय परिवार की ओर से सुनीता साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "ऐसे आयोजनों से बच्चों को अतिरिक्त पोषण तो मिलता ही है, साथ ही उनमें सामाजिक सहयोग और एकजुटता की भावना भी विकसित होती है।" इस अवसर पर प्रधानपाठक श्रीमती वीणा ठाकुर, शिक्षक श्री अनिल दिल्लीवार, बसंती पीकेश्वर, राबिन नागवंशी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर दिवंगत भरत लाल साहू की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए आयोजन को सफल बनाया।

### मंत्री जायसवाल 21 को बालोद प्रवास पर

**बालोद।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल गुरूवार 21 अगस्त को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। जायसवाल 21 अगस्त को सुबह 10 बजे शंकर नगर रायपुर स्थित शासकीय आवास से प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे विश्राम गृह बालोद पहुँचेंगे। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल सुबह 11.45 बजे विश्राम गृह से प्रस्थान कर सुबह 11.55 बजे जिला अस्पताल बालोद पहुँचकर सीटी मशीन उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 12.30 बजे जिला अस्पताल से प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे विश्राम गृह बालोद पहुँचेंगे।




## जन्माष्टमी पर रामधुनि स्पर्धा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पांडेपारा बालोद मे कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर हुए रामधुनि प्रतियोगिता मे झांकी प्रतियोगिता के परिणाम घोशित कर दिया गया है। जिसमे प्रथम स्थान जय मां त्रिपुर सुंदरी रामधूनी मंडली ग्राम परेवाडीह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे नगद पुरस्कार 3001 रुपए और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

जिसमे द्वितीय स्थान जय मां शीतला रामधुनि मंडली ग्राम बोडरा (धमतरी) ने प्राप्त किया जिसे पुरस्कार नगद 2501 रूपये व प्रतीक चिन्ह, तृतीय स्थान प्रज्ञा रामधुनि मंडली ग्राम गिरौद (मेघा) ने प्राप्त किया जिसे पुरस्कार नगद 2001 रुपए और प्रतीक चिन्ह, चतुर्थ स्थान जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली ग्राम आमदी धमतरी ने प्राप्त किया जिसे पुरस्कार 1501 रुपए नगद और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। पंचम स्थान मां शारदा रामधुनी मंडली ग्राम आमदी (धमतरी) पुरस्कार 1001 रुपए नगद और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

बिना झांकी वाली मंडली मे प्रथम स्थान जय मां शारदा लोक संस्कृति राम धूनी मंडली ग्राम चर्रा (कुरूद) पुरस्कार 3001 रुपए नगद और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान दीप्ति मानस परिवार रामधुनि मंडली ग्राम रानी तराई पाटन नगद पुरस्कार 2501 रुपए और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। तृतीय स्थान दाई के दुलार राम धूनी मंडली ग्राम कन्हार पूरी (गुरूर) पुरस्कार 2001 रुपए प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। चतुर्थ स्थान तुलसी के वाणी राम धूनी मंडली ग्राम उड़ेंना (धमतरी) 1501 रुपए प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। पंचम स्थान अनुराग यादव माधुर्य मय ग्राम बनरोद (नगरी)पुरस्कार 1001 रुपए और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

विशेष पुरस्कार के तहत श्रेष्ठ कथा प्रस्तुति श्री बाल समाज राम धूनी मंडली ग्राम देवरी 701 रुपए, श्रेष्ठ वेशभूषा मे पंचमुखी रामधुनि मंडली ग्राम विरोधा 701 रुपए, श्रेष्ठ संगीत मे जय संतोषी माँ राम धूनी मंडली कोबा 701 रुपए प्रदान किए गए।







